आकाशवाणी शिमला

16.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

विधानसभा

तीन दिन के अवकाश के बाद प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र कल सोमवार को फिर शुरू होगा। बजट सत्र प्रातः 11 बजे शुरू होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने कार्यकाल का तीसरा बजट पेश करेंगे। मुख्यमंत्री इस बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ–साथ शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने का ऐलान कर सकते हैं।

एस.आई.टी.

प्रदेश सरकार ने कांग्रेस के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर गोलीकांड मामले में विशेष जांच दल एस.आई.टी. का गठन किया है। यह एस.आई.टी. ए.डी.जी.पी. ज्ञानेश्वर सिंह की देखरेख गठित की गई है। डी.आई.जी. सौम्या सांबशिवन को एस.आई.टी. चेयरपर्सन बनाया गया है।

मुख्यमंत्री

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल आई.जी.एम.सी., शिमला पहुंचकर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर का कुशलक्षेम पूछा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंबर ठाकुर खतरे से बाहर है और उनकी स्थिति में काफी सुधार है। उन्होंने कहा कि मामला अत्यंत गम्भीर है और पुलिस को दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। विपक्ष के आरोपों के जवाब में सीएम ने कहा कि विपक्ष को विरोध करने का लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन उन्हें सरकार के साथ सहयोग भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में नशा माफिया को कैसे पनपने दिया गया। हमारी सरकार के ईमानदार प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रदेश में आज नशे के मामलों में 30 प्रतिशत तक की गिरावट आई है।

पद्म पुरस्कार

अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन शुरू हो गये हैं। नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई है। इन पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन स्वीकार की जाएंगी। पद्म पुरस्कारों में पद्मविभूषण, पद्मभूषण और पद्मश्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। इन पुरस्कारों के अंतर्गत जाने–माने लोगों को उनके 'उत्कृष्ट कार्य' के लिए सम्मानित किया जाता है। पद्म पुरस्कार कला, साहित्य व शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान व इंजीनियरिंग, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार व उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों और विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों तथा कार्यों के लिए प्रदान किए जाते हैं।

अवैध खनन

ऊना जिला प्रशासन अवैध खनन पर शिकंजा कसने के लिए लगातार सख्त कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में उपायुक्त ऊना जतिन लाल व पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने कल विभिन्न खनन स्थलों पर औचक छापेमारी की। इस दौरान कई क्रेशर में अनियमितताएं पाई गईं, जिसके चलते संबंधित इकाइयों की बिजली आपूर्ति तुरंत प्रभाव से काटने और लीज़ रद्द करने के आदेश जारी किए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन में संलिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्था के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन आम लोगों से भी अपील की है कि यदि उन्हें कहीं अवैध खनन की जानकारी मिले तो इसकी सूचना प्रशासन या पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि गत दिनों हुई बारिश से तापमान में एक बार फिर कमी दर्ज की गई है जबकि ऊपरी क्षेत्रों में अभी भी सुबह–शाम ठंड का दौर जारी है। उधर किन्नौर जिला के ऊपरी इलाकों में हल्का हिमपात और निचले इलाकों में बारिश का क्रम जारी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में चंबा, लाहौल–स्पीति, कुल्लू व किन्नौर जिलों में हिमस्खलन का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———————